## खबर संक्षेप

### शहर की समस्या को लेकर पार्षदों ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**सतना।** शहर की समस्या को लेकर कांग्रेस के पार्षदों ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मकसूद अहमद के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त को जापान सौंपा और समस्याओं के निराकरण की मांग की।

### बिहाराकला के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** बिहाराकला के ग्रामीणों ने के.डी.तिवारी की अगुवाई में एसडीएम मैहर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी केडी तिवारी द्वारा बिजयराघवगढ़ बरगी नहर परियोजना के तहत बिहाराकला की समस्त आराजी की जांच कराए जाने की मांग की गई। उन्होंने एसडीएम मैहर को बताया कि हमारे यहां की जमीन रिकार्ड में असिंचित दर्शाई गई है जबकि हमारे यहां का किसान उक्त जमीनों में तीन फसल पैदा करता है। और अगर तीन फसल पैदा होती है तो जमीन असिंचित कैसे हो सकती है इसलिए जनहित में आवश्यक है कि गाँव की आराजियो का पुनः सत्यापन हो मौका मुयायना हो और उसी आधार पर आराजियों को रिकार्ड में दर्शाया जाय। जिस पर एसडीएम विकास सिंह ने आराजियों का पुनः सर्वे कराए जाने का भरोषा दिया है।

### प्रिंटर्स एसोसिएशन ने सांसद का घर जाकर किया अभिनंदन



**सतना।** गणेश सिंह के पांचवी बार सांसद बनने के अवसर पर प्रिंटर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद निवास पर जाकर उनका फूल, माला एवं गुलदस्ते से अभिनंदन किया गया।साथ ही साथ प्रदीप प्रिंटर्स के संचालक रोहित जैन के ऊपर हुए हमले की जानकारी तथा निष्पक्ष जांच की मांग भी सांसद के समक्ष रखी गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष संजय शाह,सुधाकर जैन,के जी गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अमित शर्मा, प्रदीप जैन, आशीष जायसवाल, सोनू सोनी, पन्नालाल सोनी, प्रदीप अवस्थी, राहुल विश्वकर्मा,धीरज जैन, मनीष अग्रवाल,राहुल जैन, रोहित जैन, सौरभ अग्रवाल, श्रीपाल जैन, अनिमेष जैन, विशाल अग्रवाल,बंटी माहेश्वरी,धीरज टंडन,चुन्नू कुशवाहा,आदि उपस्थित थे।

### कल बाधित रहेगा विद्युत प्रवाह

**सतना।** कार्यपालन अभियंता (विद्युत) ने बताया कि 22 जून को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक 132 केवी उपकेंद्र अमरपाटन से निकलने वाले 32 केवी मेनबेस फीडर एवं अन्य मेंटीनेंस के कार्य किये जायेंगे। जिससे सतना को ऊर्जित करने वाला 33/11 केव्ही उपकेंद्र चोरहटा के समस्त 11 केवी फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी।

### एसडीएम ने छात्रों का किया उत्साहवर्धन

**मैहर।** जिला अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने अमरपाटन तहसील के ग्राम पंचायत पोड़ी कला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रवेश उत्सव और स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत उपस्थित छात्रों के साथ खेल प्रतियोगिता का आयोजन छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### नो एंट्री में अव्यवस्था की पोल भी खुली

# यातायात पर मुसीबत बनीं सीवर लाइन के लिए खोदी गईं सड़कें, बीच बाजार शहर में फंसा ट्रक

सतना

सीवर लाइन के लिए खोदी गईं शहर की सड़कें यातायात में मुसीबत बनी हुई है। हर रोज लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं और छोटे बड़े वाहन गड्ढों में फंसे रहे हैं। हालात यह है कि अब तो लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। मौजूदा समय में जय स्तंभ चौक से लेकर टिकुरिया टोला की ओर जाने वाले मार्ग की हालत अत्यंत चिंताजनक है। गुरुवार को यहां पर एक ट्रक दोपहर के वक्त नो एंट्री के दौरान शहर में घुसा और सीवर लाइन के गड्ढे में फंस गया। जिसकी वजह से यहां से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कोई देखने सुनने वाला नहीं

यहां पर सड़क की इस कदर दुर्दशा की गई है कि दुकानदार और अन्य रहवासियों को 24 घंटे मुश्किल भरा जीवन काटना पड़ रहा है। दुकानों के सामने धूल उड़ रही है। लोग पूरी आंख खोलकर गाड़ी तक नहीं चला पा रहे हैं। इलाके में दूसरी और तीसरी मंजिल में रहने वाले लोग बताते हैं कि उनके घरों और ऑफिस में रोज भारी धूल भर जाती है। नगर निगम के अधिकारी मुआयना करने निकलते हैं लेकिन उनकी नजर इन सड़कों पर नहीं पड़ती है।



### ट्रैफिक पुलिस ने काटे चालान

यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिये ट्राफिक पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर दो पहिया,तिपहिया एवं चार पहिया वाहनों से दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये चालान काटे जा रहे हैं। इसी तारतम्य में ट्राफिक डीएसपी संजय खरे के मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी के निर्देशन में एएसआई सुमित मरावी के नेतृत्व में ट्राफिक पुलिस ने सिविल लाइन तिराहे के निकट चेकिंग लगाकर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की। इसी तरह से बगहा क्षेत्र में एएसआई लाखन पंड्या के नेतृत्व में वाहनों के कागजातों, इंश्योरेंस, फिटनेस, टैक्स आदि की जांच की गयी। दोनों स्थानों पर ट्राफिक पुलिस टीम ने हेलमेट नहीं लगाने वाले चालकों, बिना सीट बेल्ट बांधे चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों, दो पहिया वाहन पर तीन या अधिक सवारी बैठाकर वाहन चलाने वालों, नंबर प्लेट में नंबर न अंकित होने पर संबंधित वाहन चालक के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही की गयी। ट्राफिक पुलिस ने दोनों स्थानों पर कुल मिलाकर 50 चालान अपरान्ह सवा तीन बजे तक काटे थे। ट्राफिक पुलिस ने बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों से 300 रुपये प्रत्येक के मान से तथा सीट बेल्ट न बांधने वाले,तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वाले तथा बिना नंबर प्लेट लगाये वाहन चलाने वालों के खिलाफ 500-500 रुपये के मान से चालान काटकर अर्थदण्ड शासकीय कोष में जमा करवाया। यातायात थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने समस्त वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

## नये सत्र में मेहनत से पढ़ाई कर लक्ष्य को प्राप्त करें: कलेक्टर



**सतना।** 'स्कूल चले हम'अभियान के तहत प्रवेशोत्सव के तीसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर अनुराग वर्मा गुरुवार को शासकीय कन्या हाई स्कूल धवारी पहुंचे और छात्राओं से संवाद किया। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर उन्हें अपनी ओर से कॉपियां,पेन,चॉकलेट और टॉफियां भेंट कर नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह,शाला की प्राचार्य राजवी श्रीवास्तव सहित शिक्षिकायें एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि पढ़ाई केवल स्कूल में ही होती है,ऐसा कतई नहीं है।घर,स्कूल में पढ़ाई के साथ दैनिक जीवन में जो कुछ भी सीखा जाता है,उससे ज्ञान और अनुभव बढ़ता है।व्यक्ति हर समय किसी न किसी व्यक्ति से सीखता है।अच्छे और बुरे ज्ञान की पहचान करें और जो अच्छाइयों का ज्ञान है उसे ही ग्रहण करें। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा के लिए संसाधन महत्वपूर्ण नहीं होते,बल्कि मेहनत और समर्पण की भावना महत्वपूर्ण होती है। अपने दैनिक जीवन में जो कुछ भी अच्छा सीखें उसे आत्मसात करें। पढ़ाई सिर्फ नौकरी के लिए नहीं करें,नौकरी को बाय प्रोडक्ट के रूप में लें। अध्ययन में स्कूली शिक्षा एक अच्छे कैरियर और भविष्य बनाने की बुनियाद होती है। हम जो भी सीखें उसे अपने जीवन में उतारें। अपने लिए आप जितना अच्छा कर सकेंगे,आपका परिवार, समाज, देश उतना ही बेहतर बनेगा। कलेक्टर ने कहा कि यह समय आपकी जड़ों को मजबूत करने का है। आपकी मेहनत का फायदा परिवार,समाज और देश को भी मिलता है। नए सत्र में और अधिक उत्साह से मेहनत करें और पिछले सत्र में जो मुकाम हासिल नहीं कर पायें,उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करें।



## बारिश के पूर्व अधिकतर निर्माण कार्य कंप्लीट करें: कलेक्टर
### 50 लाख रुपये की अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने निर्माण विभागों एवं एजेंसियों से वर्तमान में जिले में चल रहे निर्माण और विकास के कार्यों को अधिकाधिक रूप से बरसात के पहले पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़कों के डामरीकरण का कार्य भी एक-दो दिन के भीतर पूर्ण करा लेने को कहा है। कलेक्टर ने गुरुवार को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,जल निगम,लोक निर्माण,एमपीएसआरडीसी,हाउसिंग बोर्ड,पीआईयू,नर्मदा घाटी विकास के अधिकारियों की बैठक लेकर 50 लाख रुपए से अधिक लागत वाले कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन भी उपस्थित रहीं।हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि आई आईएसबीटी सतना शहर का अत्यंत आवश्यक और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है।कार्य पूर्ण होने की समय -सीमा निकल चुकी है। जिसमें 30 सितंबर 2024 तक एक्सटेंशन मिला है।आईएसबीटी के निर्माण कार्य में तेजी लाएं और समय-सीमा में काम पूरा करें,ताकि शहर में ट्रैफिक की समस्या से शीघ्र राहत मिले। उन्होंने कहा कि आईएसबीटी का काम अत्यंत धीमा होने के फलस्वरुप ठेकेदार को नोटिस भी दें। लोक निर्माण पीआईयू ने बताया कि जिले में कुल 23 कार्य स्वीकृत हैं। जिनमें 21 निर्माण कार्य जारी हैं। रामपुर बघेलान,नागौद,सोहावल में आईटीआई भवन और बिरसिंहपुर,रैगांव में अस्पताल भवन 31 अगस्त 2024 तक पूरे कर लिए जाएंगे। जल निगम के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि पूरे जिले में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाई जा रही है। जल निगम के अधिकारी सभी निर्माण विभागों को पाइपलाइन बिछाने का प्लान और डिजाइन शेयर करें। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण वाले विभाग जल जीवन मिशन की बिछाई जा रही पाइपलाइन को बिना क्षतिग्रस्त किये अपनी सड़के बनायें। अन्यथा की स्थिति में जिस विभाग ने भी पाइपलाइन को तोड़ा या छतिग्रस्त किया,तो उतनी मरम्मत की राशि जल निगम को देनी होगी। कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों से कहा कि अधूरे निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दें।ताकि बरसात में क्षतिग्रस्त नहीं हों।जल संसाधन और आरईएस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अमृत सरोवर, बांध तथा तालाबों में बेस्ट बियर और अधिक पानी निकालने की व्यवस्था दुरुस्त रखें। ताकि ओव्हरफ्लो की स्थिति में संरचनायें टूटे नहीं। आरईएस के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि बड़ी पंचायतों में बनाए गए हाट बाजार ग्राम पंचायतों को हैंडओवर कर उन्हें उपयोगी बनाएं।पीआईयू एवं ग्रामीण विकास के भवन कार्यों को बरसात के पूर्व बाहर का कार्य पूर्ण कर आंतरिक कार्य बरसात के दौरान भी प्रारंभ रखने के निर्देश दिए गए।

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कार्यशैली पर उठे सवाल
## खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के प्राचार्यों को फटकार

सतना



जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की स्थाई शिक्षा समिति के द्वारा सत्र 2023-2024 के हायर सेकंडरी स्कूल के परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा हेतु प्राचार्यों की बैठक जिला पंचायत की उपाध्यक्ष एवं स्थाई शिक्षा समिति की पदेन अध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ.पंकज सिंह परिहार की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक शुरू होते हैं जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने स्थाई शिक्षा समिति के सचिव कार्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त परीक्षा परिणाम की डाटा की मिसमैचिंग पर प्रश्न उठाते हुए उपाध्यक्ष ने संबंधितों को अपनी आदत में सुधार करने की नसीहत देते हुए भविष्य में इस प्रकार की गलती दोहराने पर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा।



बैठक में प्राचार्य से वन टू वन चर्चा करते हुए जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के प्रचार्यो की सराहना की वहीं दूसरी ओर परीक्षा परिणाम में अत्यधिक कमी वाले विद्यालय के प्राचार्य के प्रयास को नकाफी बताते हुए परिणाम की इस शर्मनाक स्थिति से उबरने के प्रयास करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान जो बात निकलकर सामने आई उसमें प्रमुख रूप से मझगवां विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अधिकांश विद्यालयों के हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम आशा के प्रतिकूल रहे जिनमें से प्रमुख रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौंधा(-11.64),शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केलौरा(76.67 फिसदी कमी),शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नकैला (-21.57 फीसदी),शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करिगोही(-22.66),शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडरा (-47.63) प्रमुख रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत स्थाई शिक्षा समिति द्वारा सतना/मैहर जिले के जिला स्तर पर प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को सम्मानित भी किया गया। बैठक के अंत में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने प्रचार्यो से विद्यालयों से संबंधित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए स्थाई शिक्षा समिति द्वारा सार्थक सहयोग की बात कही। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सदस्य एवं स्थाई शिक्षा समिति के सदस्य संजय सिंह कछवाह,श्रीमती प्रियंका वर्मा,श्रीमती एकता अनूप सिंह बघेल,आरती चौधरी,बाबूलाल प्रजापति,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक गिरीश अग्निहोत्री,जिला स्थाई शिक्षा समिति के सह संयोजित सदस्य डॉ पंकज सिंह परिहार एवं सतना मैहर जिले के आठों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी सहित सतना मैहर जिले के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

## बदेरा ग्रामवासियों द्वारा भू-अर्जन की कार्यवाही रोके जाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपे गया ज्ञापन

**मैहर -** ग्राम पंचायत बदेरा में नर्मदा घाटी बरगी परियोजना के अन्तर्गत कटनी शाखा नहर की टेल डिस्टीब्यूटरी माइनर नहर व सब माइनर नहर निर्माण हेतु भूमियों को अधिकृत किया जा रहा हैं, इस संबंध में ग्राम बदेरा के कृषकों की भूमि अर्जित करने के पश्चात धारा 04 भू-अर्जन की कार्यवाही करते हुए नोटिस दी गई है इस संबंध में ग्राम पंचायत में इस बात की आपत्ति ग्रामसभा में कृषकों द्वारा की गई है कि ग्राम बदेरा चारों तरफ से नालो से घिरा हुआ है और पूर्व में जल संसाधन विभाग का डैम बन्धा बना हुआ है और पहले से ही गांव में माइनर नहर मौजूद है, जिस से पूरे गांव की कृषि भूमि सिंचित हो रही है चूंकि नहर की आवश्यकता किसी को नहीं है लेकिन अगर नहर बनाई जा रही है तो जल संसाधान विभाग बाणसागर के तहत पडोसी गांव लटागांव में पाईप वाली नहर बनाई जा रही है वहीं नहर बदेरा में भी बनाई जाय। ताकि कृषकों की जमीन भी अर्जित नहीं होगी और ना ही कृषक भूमिहीन होंगे। आम जनता की तरफ से इस संबंध का विरोध भी किया जा रहा है. ऐसी स्थिति में माननीय मुख्यमंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि ग्राम वासियों की समस्या व मौके से की जा रही भू-अर्जन की कार्यवाही भूमि अधिगृहण के संबंध में उक्त अर्जन की कार्यवाही रद्द कराकर पाईप लाइन की योजना लाकर सिंचाई की कार्यवाही कराई जाय।



## 22 लाख की लागत से बने सामुदायिक सुलभ कॉम्पलेक्स का लोकार्पण

**सतना।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत सुलभ इंटरनेशनल भोपाल के द्वारा कलेक्ट्रेट गेट क्र.-02 में सामुदायिक सुलभ कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया। इस सुलभ कॉम्प्लेक्स का आगामी 30 वर्षों तक संचालन एवं संधारण सुलभ इंटरनेशनल भोपाल द्वारा किया जाएगा। नवनिर्मित सामुदायिक सुलभ कॉम्पलेक्स के लोकार्पण कार्यक्रम मुख्य अतिथि योगेश ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम,कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुराग वर्मा कलेक्टर,विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश चतुर्वेदी 'पालन' अध्यक्ष,गोपी गेलानी अध्यक्ष निर्माण समिति श्रीमती कुशुम बाल्मीक मल्लाह पार्षद वार्ड क्र.34 एवं वार्ड क्र.26 के पार्षद एवं स्मार्ट सिटी डायरेक्टर महेन्द्र पाण्डेय,पार्षद वार्ड क्र.13 सूर्यपाल सिंह की गरिमागयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



## संगीत महाविघालय मैहर में मनाया गया वार्षिक स्नेह सम्मेलन



**सतना।** माँ शारदे की धार्मिक नगरी,उस्ताद अलाउद्दीन खां की संगीत स्थली जिला मैहर में 19 जून को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजललन मिश्रा,अध्यक्षता डाक्टर अशोक बढोलिया,प्राचार्य कमल किशोर माहोर,जन भागीदारी सदस्य नीरज गर्ग,रवींद्र सिंह(मंजू सर),पी एल दिवेदी,सुरेश चतुर्वेदी,गणेश विश्वकर्मा,वेद आचार्य प्रशांत कुमार गौतम,पत्रकार रामकुमार रजक,शमीम खान,आदि के साथ संगीत महाविघालय का समस्त स्टाफ, अभिभावक,छात्र छात्राएं,आदि लोग उपस्थित रहे।अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्र छात्राओ,आचार्य गणों द्वारा आकर्षक संगीत की प्रस्तुति की गई।अपने उद्बोधन में राज ललन मिश्र ने कहा कि संगीत हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है हम सभी को सकारात्मक संगीत को प्रति दिन कुछ पलो के लिए जीवन मे रखना चाहिए यह उस्ताद अलाउद्दीन खा की संगीत नगरी है हम सभी को अपने अपने बच्चों को संगीत के प्रति प्रेरित करना चाहिए। इस वार्षिक स्नेह सम्मेलन में प्रथम द्वितीय तृतीय आये हुए छात्रों को प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

## मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में आयोजित होगा शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम

**सतना।** मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों कों मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शास्त्रीय संगीत महाविद्यालय,मैहर के सभागार में सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक सम्पन्न होगा। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन,वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुति दे सकेंगे। इच्छुक कलाकार कार्यक्रम में शामिल होने के लिये अपने आवेदन बायोडाटा के साथ 24 जून 2024 तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल,सहायक व्याख्याता (मो.नं.7987274350) के पास जमा कर सकते हैं। मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी माँ शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने के लिये शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह की 1तारीख को किया जायेगा। जिला प्रशासन मैहर ने शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर नागरिकों से शामिल होने का अनुरोध किया है।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे वी डी शर्मा



**पन्ना।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तारीख 21 जून 2024 को दिन शुक्रवार स्थान जुगल किशोर मंदिर समय सुबह 6:00 बजे से मनाया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खजुराहो सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा, एवम स्थानीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मीना राजे,श्रीमती मीना पांडे, श्री संतोष यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम इस प्रकार है सभी सहभागियों की उपस्थिति प्रातः 6:00 बजे से अतिथियों का आगमन होगा ,6 बजे से , अतिथि गण का उद्बोधन। 6:10,समान योग अभ्यास 7 से 7:45 तक होगा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन समापन 7:50 पर होगा। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला के मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा जी ने समस्त आमजन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की अपील की है।

### सिलौंडी में बिजली बंद होने से ग्रामीण परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी में बड़े स्कूल के पास लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली बंद है किसके कारण ग्रामीण बहुत परेशान हैं। गर्मी से परेशान हो रहे हैं कुछ लोगों का स्वास्थ्य भी खराब हो गया है। लाइट बंद बंद होने से जल व्यवस्था पूरी तरह बंद है जिसके कारण लोगों को लोगों के घर में पानी नहीं है पर पानी के लिए भटकते रहते। लाइट बंद होने से लोगों के मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहा है जिसके कारण उनका काम धंधा पुर का बंद हो चुका है ऑनलाइन दुकान , आटा चक्की सभी बंद है । गर्मी से ग्रामीणों का बुरा हाल है खबर लेकर जाने तक ट्रांसफार्मर नहीं आया है विद्युत विभाग के जे ई से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि ट्रांसफर जल्दी आ रहा है और लगातार हम विद्युत व्यवस्था शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण ने जल्द से जल्द लाइट चालू करने की मांग की है ।

### बीते 24 घंटों में जिले में 0.9 मिमी हुई औसत वर्षा की गई दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 19 जून 2024 तक कुल 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 0.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 0.8 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 19.जून 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र बरही में 5.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 3.2 मिमी, स्लमनाबाद में 0.4 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 0.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### तकनीकी कौशल पाठ्यक्रम आईटीआई में प्रवेश हेतु दी गई जानकारी

**कटनी।** संचालक कौशल विकास संचालनालय मध्य प्रदेश जबलपुर के निर्देशानुसार एवं नोडल प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास के मार्गदर्शन में बुधवार 19 जून को विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा विकासखंड ढीमरखेड़ा के बैगा गाँव कचनारी एवं मारसिहुंडी में कैंप आयोजन किया गया। आयोजित केंप मे प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत तकनीकी कौशल पाठ्यक्रम आईटीआई में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को संवारने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मौके पर ही 10वीं उत्तीर्ण बैगा जनजाति के छात्रों के पंजीयन भी किये गए। शिविर के दौरान उपस्थित छात्रों को प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 20 जून 2024 रात्रि 12 बजे तक की जानकारी प्रदान की जाकर निर्धारित अवधि के पूर्व ही पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान प्राचार्य आईटीआई ढीमरखेड़ा सुश्री शिखा प्रजापति एवं कार्यालय सहायक अनिल कुमार तिवारी की सराहनीय सहभागिता रही।

### पढने लिखने से गांव घर एवं क्षेत्र का विकास होता है - पवई विधायक प्रहलाद लोधी

# शासकीय माध्यमिक शाला हरदुआ खमरिया में प्रवेश उत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुये थे विधायक पवई प्रहलाद

आज के समय में पढना लिखना हर चीज के लिये जरूरी है पालकों में शिक्षा की प्राथमिकता सवोच्च होनी चाहिये पढने लिखने से भेदभाव छुआछूत जातिवाद जैसी चीजें खत्म हो रही है पढने लिखने से गांव घर एवं क्षेत्र का विकास होता है बेटी को पढाने से वह दो परिवारों को संवारती है आप बिना किसी भेदभाव के शैक्षणिक कार्य कराइये शिक्षकों की ओर इंगित करते हुये कहा कि मै आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ सहयोग करने के लिये तैयार हूॅ।



पन्ना

जिले के पवई विधायक प्रहलाद लोधी जो अपनी कार्यशैली सीधे अंदाज को लेकर खुद व खुद जाने जाते है जो जिले के दूरस्थ अंचल क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदुआ खम्हरिया संकुल केन्द्र अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला हरदुआ खम्हरिया में प्रवेश उत्सव में विधायक प्रहलाद लोधी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये आपने कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी बच्चों के लिये पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिस चिर-परिचित शैली को लेकर जाने जाते है बेबांकी के साथ उक्त अवसर पर विधायक प्रहलाद लोधी के द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि पढना नौकरी के लिये बस जरूरी नहीं है बल्कि आज के समय में पढना लिखना हर चीज के लिये जरूरी है। पालकों में शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिये। पढने लिखने से भेदभाव छुआछूत जातिवाद जैसी चीजें खत्म हो रही है वहीं पढने लिखने से गांव घर और क्षेत्र का विकास होता है। बेटी को पढाने से वह दो परिवारों को संवारती है बेटा-बेटी दोनों को शिक्षा की बहुत आवश्यकता है इस अवसर पर आपने यह भी कहा कि शिक्षकों को भी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं कर्तव्यनिष्ठ रहना चाहिये। शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचकर बिना भेदभाव जातिवाद के छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा देनी चाहिये। शिक्षकों की शिक्षा के प्रति बरती गई कोताही को किसी भी प्रकार से मान्य नहीं किया जायेगा। जिसके लिये उनके विरूद्व कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जावेगी। आप बिना किसी भेदभाव के शैक्षणिक कार्य कराइये आपको कहीं भी मेरी आवश्यकता पड़ती है तो मै आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ सहयोग करने के लिये तैयार हॅू। इस अवसर पर कार्यक्रम में नन्द किशोर लोधी विधायक प्रतिनिधि, दयाशंकर जनपद सदस्य, जुगल किशोर, जनपद सदस्य एवं संकुल प्राचार्य इन्द्र कुमार जैन एवं संकुल के समस्त शिक्षकगण व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# बैलों के बाजार में रसीद से तस्करी तक का सवाल पड़ताल का विषय, कौन है जिम्मेदार?

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ नगर पंचायत में जहां गुरूवार के दिन बाजार लगता है जिसमें बैलों का बाजार अपने आप में प्राचीन समय से अपनी पहचान को लेकर जाना जाता है केन काठा नस्ल को लेकर यहां के बैल अपनी सफलता को लेकर अलग ही माने जाते है अब यहां बैलों के बाजार की बात करें तो बैलों के विक्रय व क्रय करने में पहले ठेके होते थे जिसके माध्यम से बाजार की व्यवस्था के साथ-साथ वह राशि संबंधित ठेकेदार के द्वारा वसूली जाती थी अब हालात किस तरह से चल पड़े है जो खुद सवालों के घेरे में नगर पंचायत अजयगढ आ चुकी है। जहां बैठकी के नाम पर रसीद फर्जी हो या असली यह तो यहीं जानें साप्ताहिक बाजार में उक्त रसीद के माध्यम से वसूली होती है वहीं इसके खिलाफ बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने अजयगढ़ नगर परिषद के सीएमओ व एसडीओपी अजयगढ़ को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की थी तीन दिन में कार्यवाही न होने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर करते नगर परिषद एवं गौवंश की तस्करी का आरोप शामिल दलालों के



खिलाफ नारेबाजी करते हुये जांच व कार्यवाही की मांग को अंजाम दिया। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि क्या नपा दलालों के माध्यम से बैलों की तस्करी कराती है कौन है इसके लिये जिम्मेदार क्या बिना मुख्य नगर पालिका अधिकारी की जानकारी के यह सब संभव है वहीं सवाल यह उठता है कि क्या बैलों को खरीदकर तस्तकरी करने को लेकर जो आरोप लगाये गये है इसके पीछे तस्करी का कहां से मामला आ गया जो स्वतः जांच का विषय वहीं अजयगढ बाजार में जो प्राचीन समय से पहचान बनी है इसको लेकर इस तरह के हालात को लेकर कौन जिम्मेदार है। यहां नगर पालिका अधिकारी को ही ज्ञापन जिनके कार्यालय से ही रसीद देना क्या बिना इनकी सहमति से यह अपने आप में बड़ा सवाल है वहीं नगर पंचायत अजयगढ अध्यक्ष व संबंधित पार्षदगणों की बगैर जानकारी के यह सब कैसे जहां सत्तारूढ दल भाजपा समर्पित नपा अध्यक्ष वहां यह सब कैसे हालात तय हुये। इसके पीछे किसका हांथ बैलों के पीछे कुछ खास लोगों की कमाई क्या होगी पड़ताल वहीं बैलों के बाजार की पहचान जो प्राचीन समय से चली आ रही है जिससे अजयगढ को जाना जाता है उस पर सुधार की जरूरत को लेकर क्या जिम्मेदार लेंगे जिम्मेदारी कई अनसुलझे सवाल जो जिम्मेदारों से मांग रहे जवाब देखना यह है कि बैलों के बाजार को लेकर आगे सख्त कदम क्या उठाये जायेंगे यह तो वक्त ही तय करेगा।

### सुशील वैभव वीणा खरे हरिद्वार में हुए सम्मानित



**पन्ना।** विगत 16 जून को गंगा दिवस गंगा दशहरा पर आर डी काव्य कुल एवं साहित्य हमारी पहचान के संयुक्त तत्वाधान में हरिद्वार उत्तराखंड में भव्य साहित्य महाकुंभ एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से लगभग 60 कवि, साहित्यकारों ने सहभागिता की उक्त कार्यक्रम में पन्ना के कवि साहित्यकार सुशील वैभव एवं श्रीमती वीणा खरे को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र आदि से सम्मानित किया गया संस्था अध्यक्ष रंजीत शर्मा रंग आगरा, मनोज भगवा बड़ी पंजाब, देवनारायण शर्मा आगरा ग्राफिक स्वामी इगलास, केवल कुमार केवल जम्मू कश्मीर आदि ने सुशील खरे वैभव एवं वीणा खरे को बधाई एवं शुभकामनाये दी। सम्मानित होकर पन्ना लौटने पर पंडित उमादेव उपाध्याय, एस कुमार चनपुरिया, डॉक्टर प्रमोद श्रीवास्तव, सुरेश सौरभ, मनीष मिश्रा एवं राकेश शर्मा ने सुशील वैभव एवं वीणा खरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### आरोपी के कब्जे से ठगी गई राशि 99999 रूपये की गई जप्त

# फरियादी के साथ धोखाधड़ी कर 99999 रूपये ठगने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पन्ना

दिनांक 11/05/24 को फरियादी भगवत साहू पिता दयाशंकर साहू निवासी पवई द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट की गई कि मैं कृषि यंत्र की दुकान किये हूँ जिसका सामान जबलपुर, कटनी एवं इन्दौर से मँगाता हूँ। दिनांक 20/09/23 को मेरे मोबाइल नम्बर पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन किया गया जिसने स्वयं को किसान ड्रग एलीगेशन प्रायवेट लिमिटेड कंपनी इन्दौर का मैनेजर बताकर मुझसे कहा कि यदि आप मेरी कंपनी से सामान लोगे तो मैं आपको सस्ते दामो में कृषि यंत्र उपलब्ध करवा सकता हूँ। उक्त व्यक्ति की बातो में आकर मैने यूपीआई के माध्यम से कुल 99999 रूपये उक्त अज्ञात व्यक्ति को ट्रान्सफर कर दिये। पैसे भेजने के बाद भी उक्त व्यक्ति द्वारा मुझे सामान उपल्बध नही कराया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पवई में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 197/24 धारा 420 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में घटना के आरोपियों के



संबंध में जानकारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन एवं थाना पवई के निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा उक्त अज्ञात व्यक्ति की तलाश पतारसी हेतु पुलिस सायबर सेल पन्ना से मदद ली गई। साथ ही पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मामले में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के संदेही व्यक्ति को इन्दौर से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूँछताछ पर उक्त संदेही व्यक्ति द्वारा अपना नाम अमित शर्मा पिता राधेश्याम शर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी मण्डलेश्वर रोड कसरावद जिला खरगौन का होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति से घटना के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। मामले में उक्त आरोपी के कब्जे से फरियादी से धोखाधड़ी पूर्वक लिये गये 99999 रूपये पुलिस द्वारा जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे फरियादी के साथ धोखाधड़ी पूर्वक ठगी गई राशि 99999 रूपये नगद जप्त की गई है।

**गिरफ्तारी आरोपी** - अमित शर्मा पिता राधेश्याम शर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी मण्डलेश्वर रोड कसरावद जिला खरगौन

**सराहनीय योगदान** - उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द त्रिवेदी, पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, उनि सुयश पाण्डेय, प्र.आर. मनोज त्रिपाठी, गणेश सिंह, लखन लाल पयासी, अंजनी तिवारी, आर. सुशील, महेश, राजेश, महिला आर. शिवानी, ममता सैनिक बिहारी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही की प्रशंसा की गई है।

### कुएं में कूदे 32 वर्षीय व्यक्ति को डायल-112/100 सेवा ने पहुँचाया अस्पताल

**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना अजयगढ़ के अंतर्गत भारतपुर गाँव मे 32 वर्षीय व्यक्ति कुएं मे कूदकर घायल हो गया था।पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 19-06-2024 को रात्रि में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक राधेश पटेल एवं सुरेन्द्र यादव ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञातकारणों से आत्महत्या के उदेश्य से कुएं मे कूदे 32 वर्षीय व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने कुएं से बाहर निकाल लिया था डायल-112/100 स्टाफ ने व्यक्ति को एफ़.आर.व्ही. वाहन से ले जाकर अजयगढ़ अस्पताल मे भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ति व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है ।थाना पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

# हाई स्कूल कुंजवन में महिला पार्षद ने छात्र और छात्राओं को पुस्तक भेंट करते हुये दी शुभकामनायें

वर्तमान समय में शिक्षित दिशा तय करने को लेकर शिक्षा सर्वोपरि छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिये जरूरी है, नगर के कुंजवन हाइ स्कूल में महिला पार्षद ने जहां नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के प्रवेश उत्सव के दौरान शुभकामनायें दी वहीं पुस्तक वितरण करते हुये उनके उज्जवल भविष्य के लिये मन लगाकर पढने की सीख दी जो प्रेरणादायी साबित होगी।



पन्ना

शिक्षा से ही विकास व्यक्ति का या परिवार तथा क्षेत्र का तय होता है पुस्तक से ही ज्ञान की गंगा प्रवाहित होती है वहीं विद्यालय में भविष्य को संवारने के लिये शिक्षा शिक्षकों के प्रदान की जाती है वर्तमान समय में जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी शिक्षा की बेहतरी को लेकर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी दौरान नगर के कुंजवन हाइ स्कूल में महिला पार्षद के द्वारा जहां नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दी गई वहीं विद्यालय में पढने वाले छात्रों व छात्राओं को पुस्तक वितरण भी की तथा आपने संदेश दिया कि शिक्षा ही वह धन है जो बांटने से नहीं बंटता बल्कि इसे बांटने से यह बढता है तथा विकास के लिये सबसे अहम है। शिक्षा से ही विकास का मार्ग प्रशस्त्र होता है जो स्वयं का विकास तथा घर परिवार व समाज के साथ-साथ राष्ट्र के निर्माण में जाना जाता है। वहीं विद्यालय में पढने वाले छात्र-छात्राओं के लिये जिस तरह से महिला पार्षद ने पहुंचकर उनका उत्साह वर्धन किया वह देखते ही बना वहीं इस दौरान शासकीय हाई स्कूल कुंजवन का समस्त शिक्षकगणों का स्टाफ मौजूद रहा इस तरह से जहां पुस्तक वितरण कार्यक्रम बड़े ही उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ वहीं विद्यालय में पढने वाले छात्र-छात्राओं को पुस्तकें मिलने से जहां उनकी खुशी देखते ही बनती थी शिक्षा सत्र का आरंभ प्रवेश उत्सव व पुस्तक वितरण कार्यक्रम वहीं शिक्षा को लेकर सभी की जागरूकता अपने आप में शिक्षा को गुणवत्ता प्रदान करने की दिशा तय करने को लेकर माना जा रहा है।

# अनेक विषयों को लेकर भाजपा मंडल पवई की बैठक हुई संपन्न

पवई



भाजपा मंडल पवई की मंडल कार्यसमिति की बैठक जलिा महामंत्री दीपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम 21 जून अंतराष्टीय योग दिवस कार्यक्रम,२३ जून बलिदान दिवस,पर एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम, साथ ही 25 जून आपातकाल का काला दिवस, 30 जून मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष पवई गुलाब मधु सोनी, महामंत्री अरुण नगायच ,उपाध्यक्ष माधुरी सोनी, गणेश डेंगर, नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत ,वरिष्ठ नेता जमुना खटिक, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सीबी गौतम ,मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा निधी पटेरिया ,मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा आशुतोष श्रीवास्तव ,विधानसभा प्रभारी सोशल मीडिया प्रतीक ताम्रकार, मीडिया प्रभारी संजू खरे ,अभिषेक नामदेव ,पार्षद अजीत बढ़ोलिया ,आरपी बागरी ,रामशंकर अहिरवार सहित भाजपा के अन्य कार्यकता मौजूद रहे।

### भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक हुई संपन्न

# खजुराहो लोकसभा की विजय में बूथ शक्ति का योगदान अतुलनीय- उमेश

पन्ना





भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा की नेतृत्व में संपन्न हुई चुकी यह कार्यसमिति की बैठक डब्बू भैया की पहली बैठक थी इसलिए सभी कार्यकर्ताओं ने बड़े जोर शोर से अपने जिला अध्याक्ष का स्वागत किया। बैठक का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल जी के चित्र में दीप प्रचलित करके किया गया। तत्पश्चात भारत माता की जय के नारे के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्य समिति सदस्य सदानंद गौतम ने कहा की खजुराहो लोकसभा को प्रचंड बहुमत मिला है इसका श्रेय हमारे कार्यकर्ताओं को जाता है जिन्होंने इतने प्रचंड गर्मी में भी अपने उत्साह को बरकरार रखा और पार्टी के लिए अपना समय दिया। बैठक को संबोधित करते हुए बृजेंद्र मिश्रा ने कहां की समीक्षा हमारे कार्य पद्धति है हमने अभी तीनों विधानसभाओं की समीक्षा की और समीक्षा करने के बाद आज जिला कार्य समिति की बैठक हो रही है। हमने अपने काम की समीक्षा की और क्या कमी रह गई और कैसे अच्छा किया जाए यह भाव भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाता है, बैठक को आगे बढ़ाते हुए तत्पश्चा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे ही मेरी नियुक्ति हुई लोकसभा की विगुल बज चुका था, आप लोगों की अच्छी मेहनत से हमने खजुराहो लोकसभा को प्रचंड जीत दिलवाई इस ऐतिहासिक जीत की, श्री मिश्रा ने सभी को बधाई देते हुए कहा आप सभी के परिश्रम से शानदार सफलता मिली है। श्री मिश्रा ने बैठक में 21 जून को विश्व योग दिवस ,23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 24 जून को रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 25 जून को आपातकाल की बरसी 26 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले ष्एक पेड़ मांष के नाम अभियान तथा 30 जून को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सहित आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी उमेश शुक्ला ने जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष बृजेंद्र जैसा होना चाहिए। बृजेंद्र मिश्रा ने संगठन के सभी दायित्वों निर्वहन करते हुए आज यहां तक पहुंचे हैं भारतीय जनता पार्टी के संगठन के कारण यह संभव हो पाया है श्री शुक्ल ने 25 जून को होने वाली आपातकाल की बरसी में कहा की हमे जो लोग मीसा बंदी मैं जेल मैं बंद थे ।उनके घर जाकर उनका सम्मान करना चाहिए तथा उनका हमें आशीर्वाद लेना चाहिए। बैठक का सफल संचालन महामंत्री दीपेंद्र सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष रविराज यादव ने किया।

**खबर संक्षेप**

### विप्र नारी महासंगठन के स्थापना दिवस पर हुए विविध आयोजन



**छतरपुर।** ब्राह्मण समाज की महिला इकाई विप्र नारी महासंगठन के स्थापना दिवस पर छतरपुर में विभिन्न आयोजन हुए। ब्राह्मण समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम के तहत संगीतमय सुंदरकांड पाठ और विप्र बाल प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। संगठन की संस्थापिका श्रीमती निशा-राम पांडेय ने बताया कि सम्मान समारोह में बाल व्यास सुश्री रिद्धेश्वरी, गूगल गर्ल दिशा नायक और कु. श्रुति शर्मा को उनकी अद्भुत प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विप्र नारी शक्ति उपस्थित रही।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम में तहसीलदार ने छात्रों को शिक्षा के प्रति किया प्रोत्साहित



**बकस्वाहा।** नगर में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज भविष्य से भेंट कार्यक्रम में तहसीलदार भरत पाण्डे ने उपस्थित होकर छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए साथ ही बच्चों की कॅरियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें प्रोत्साहित किया। श्री पाण्डे द्वारा बच्चों को शिक्षण सामग्री में ड्राइंग बुक, कलर पेंसिल, पेन इत्यादि का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ, जन प्रतिनिधि एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया, प्राचार्य पवन राय, बीएसी राकेश तिवारी उपस्थित रहे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 18 से 20 जून तक स्कूल चलें हम अभियान का कार्यक्रम जारी किया गया है। अंतिम दिवस 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत आवंटित शालाओं में अधिकारी उपस्थित होकर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर रहे है और एक-एक पीरियड पढ़ा भी रहे है।

### एनएचएआई के जीएम सहित 7 को सीबीआई कोर्ट ने भेजा जेल

**छतरपुर।** पिछले दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के डायरेक्टर पुरुषोत्तम लाल चौधरी सहित 7 अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई द्वारा पकड़ा गया था। सीबीआई के स्पेशल कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका रद्द कर 2 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि एनएचआई के जीएम पीएल (पुरुषोत्तम लाल) चौधरी पर खजुराहो-झांसी फोरलेन प्रोजेक्ट के फाइनल बिल और एनओसी जारी करने के बदले 10 लाख की रिश्वत लेने के आरोप थे। उनके द्वारा किए गए इस भ्रष्टाचार में विभाग के कंसलटेंट शरद प्रकाश वर्मा, पीएनसी इंफ्राटेक के कर्मचारी बृजेश मिश्रा, शुभम जैन, अनिल जैन, सत्यनारायण अंगूलरी और प्रेम कुमार सिन्हा भी शामिल थे, जिन्हें सीबीआई द्वारा पिछले दिनों छतरपुर से गिरफ्तार किया गया था। उक्त सभी को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश किया था, जहां 20 जून को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई थी। सुनवाई में कोर्ट ने सभी आरोपियों को 2 जुलाई तक के लिए जेल अभिरक्षा में भेजा है।

### नव नियुक्त शिक्षकों को सात माह का वेतन दिलाने आस ने की पहल

**छतरपुर।** जिले के लवकुशनगर विकासखंड में 87 नवनियुक्त प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक ऐसे हैं, जिन्हे माह अप्रैल से माह अक्तूबर 2023 तक सात माह के वेतन का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि उक्त 87 नवनियुक्त शिक्षक सात माह का वेतन नहीं मिलने से काफी परेशान हैं। उक्त शिक्षकों द्वारा संकुल से लेकर विकास खंड शिक्षा अधिकारी तक से वेतन की मांग कई बार की गई है लेकिन अभी तक मानदेय प्राप्त न होने से उक्त शिक्षकों ने संघ से हस्तक्षेप करने की मांग की।

**स्कूल चले हम अभियान**

## प्रश्न पूछने से कभी नहीं डरें, स्वयं को अपना दोस्त बनाएं

# विद्यार्थी जिज्ञासा को जीवंत, किताबों को दोस्त और ऊंचा लक्ष्य रखें : कलेक्टर



**कलेक्टर ने कहा अच्छे अचीवर्स बनने के लिए प्रैक्टिस के साथ लगन से पढ़ाई करना जरूरी**

**छतरपुर।** स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत 20 जून को कलेक्टर संदीप जी.आर. ने छतरपुर शहर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर स्कूली बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए मोटिवेट किया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने कक्षाओं में बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें उनके बेहतर कैरियर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा हम जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं उस फील्ड के सबसे बड़े पद को हासिल करने के लिए प्रयास करें और उसी का अपना लक्ष्य बनाए। उन्होंने कहा कुछ विषय समझने के लिए इंटरनेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा विद्यार्थी अपनी जिज्ञासा को हमेशा जीवंत बनाए रखें और किताबों को अपना दोस्त। साथ ही अच्छा अचीवर्स बनने के लिए नियमित प्रैक्टिस और लगन से पढ़ाई करना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा खुश रहकर पढ़ाई करें एवं अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और भोजन में हरी सब्जियां ज्यादा खाएं। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी दिनचर्या और उनके लक्ष्य के बारे में पूछा और प्रतिक्रिया ली। जिसमें बच्चों ने डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस, शिक्षक एवं इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की। कलेक्टर ने बच्चों से स्कूल में शौचालय, खाना, पढ़ाई, पीने का पानी, पुस्तकें आदि सुविधाओं के बारे में पूछा जिसमें बच्चों ने सकारात्मक उत्तर दिए। उन्होंने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के पुराने पेपर सेट पढ़ने के लिए कहा। इस दौरान जिला शिक्षाधिकारी एम.के. कौटार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने स्कूल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुए अनावश्यक सामग्री डिस्पोज करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों को सभी पाठ्य पुस्तकें अतिशीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए। 20 जून को कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में अधिकारियों द्वारा कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाया गया।

## 21 जून विश्व योगा दिवस पर खजुराहो में आयोजित होगा बृहद योग कार्यक्रम

**छतरपुर।** 10वां विश्व योगा दिवस पर विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में 21 जून को प्रातः 6 बजे से प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के आतिथ्य में बृहद सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विश्व योगा दिवस पर पश्चिमी मंदिर समूह में कंदारिया महादेव मंदिर परिसर में बृहद योगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लगभग एक साथ 1 हजार 500 से अधिक लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने योग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं और तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## घरेलू कलह से त्रस्त महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**हरपालपुर।** गुरूवार की सुबह करीब 9 बजे नगर के बरिया धाम मंदिर के पास रेल्वे लाइन पर उस वक्त तहलका मच गया जब एक महिला ने ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। बताया गया है कि महिला घरेलू कलह से त्रस्त होकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी लेकिन ट्रेन के चालक तथा मौके पर मौजूद लोगों की सूझबूझ के चलते उसकी जान बच गई है। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला की जान बचने के बाद स्टेशन प्रबंधक आरके मिश्रा की मौजूदगी में महिला से बात की तो महिला ने बताया कि वह महोबा जिले के अजनर थानांतर्गत आने वाले झन्ना-वीरान गांव की रहने वाली है। उसने आरोप लगाया कि उसके बच्चे और बहू उसके साथ मारपीट करते हैं। वह घर से दिल्ली जाने के लिए निकली थी लेकिन



स्टेशन पर उसे गुस्सा आया जिसके बाद उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया। ट्रेन के चालक ने महिला को देख लिया था और ट्रेन की गति कम होने के कारण वह समय पर ट्रेन रोकने में कामयाब हो गया। हालांकि महिला के पास पहुंचती इससे पहले ही मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को पटरी से हटा लिया था और किसी भी तरह की चोट नहीं आई है।

## पुरानी बुराई के चलते वृद्ध महिला और उसके पुत्रों के साथ मारपीट

### एसपी के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचा पीड़ित परिवार

**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम नैगुवां में दो परिवारों के बीच चल रही बुराई के कारण एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की वृद्ध महिला और उसके दो पुत्रों के साथ मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सटई थाना में पुलिस ने सभी आरोपियों के नाम नहीं लिखे हैं। एसपी को आवेदन देकर पीड़ित परिवार द्वारा न्याय की गुहार लगाई गई है। नैगुवां निवासी रामकुमार दुबे ने बताया कि गांव के ही रहने वाले कैलाश बाबा के परिवार से उसके परिवार का पुराना विवाद है। बीते रोज कैलाश बाबा अपने परिवार के संजू दुबे, कीरत लाल दुबे, रामचरण दुबे, चंद्रकली, रामकली और विवेक



दुबे के साथ उसकी जमीन पर कब्जा करने पहुंच गए थे। जब रामकुमार की मां श्याम बाई दुबे, भाई हरिशंकर और मातादीन दुबे ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने 50 हजार रुपए की मांग करते हुए तीनों को पीटना शुरु कर दिया। मारपीट में वृद्ध श्यामाबई का हाथ फ्रैक्चर हुआ है। रामकुमार के मुताबिक उसने सटई थाने में मारपीट की शिकायत की भी लेकिन पुलिस ने सभी आरोपियों के नाम नहीं लिखे हैं। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर रामकुमार और उसके परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है।

## प्रधान आरक्षक ने शराब के नशे में लोगों से की बहस

**वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने किया निलंबित**

**छतरपुर।** जिले के लवकुशनगर थाना में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक द्वारा गत रोज शराब के नशे में धुत्त होकर काफी हंगामा किया था, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रधान आरक्षक को निलंबित कर लिया गया है, साथ ही लवकुशनगर एसडीओपी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लवकुशनगर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामसजीवन राजपूत किसी अन्य व्यक्ति के साथ कार में सवार होकर चंदला की ओर जा रहा था तभी रास्ते में उसकी कार एक अन्य वाहन से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई थी, इसी बीच शराब के नशे में धुत्त प्रधान आरक्षक रामसजीवन राजपूत कार से बाहर निकल आया। जब लोगों ने पुलिसकर्मी को शराब के नशे में बहस करते देखा तो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। बताया गया है कि प्रधान आरक्षक के साथ मौजूद दूसरा व्यक्ति घटना के वक्त कार चला रहा था और उसके बचाव में प्रधान आरक्षक द्वारा भीड़ से बहस की जा रही थी। बहरहाल जैसे ही यह मामला पुलिस अधीक्षक अगम जैन के संज्ञान में आया उन्होंने तत्काल प्रधान आरक्षक रामसजीवन राजपूत को निलंबित करते हुए, लवकुशनगर एसडीओपी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

## जो पशु को भी भक्ति का मार्ग दिखाए वही परम उदार: कथा व्यास जी

### गोरी लाल कुंज के महाराज ने बताई भक्त रसिक मुरारी लाल की भक्ति

**छतरपुर।** शहर की संस्कार वाटिका में चल रही श्रीमद् भक्तमाल की कथा के क्रम में बुधवार को कथा व्यास गोरी लाल कुंज के महंत परम रसिक संत पूज्य किशोर दास महाराज ने भक्ति रसिक मुरारी लाल की भक्ति की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि रसिक मुरारी लाल ऐसे भक्त थे जिन्होंने अपनी परम उदारता से पशु को भी भगवान की भक्ति में लीन कर दिया।



उन्होंने कहा कि जो पशु को भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित करता है वही परम उदार कहलाता है। श्रीमद् भक्तमाल की कथा के माध्यम से कथाव्यास महाराजश्री उन भक्तों के चरित्रों को कथाप्रेमियों तक पहुंचा रहे हैं जिन्होंने इसी कलयुग में अपनी भक्ति के सहारे ईश्वर से साक्षात्कार किया है। ऐसे ही भक्तों में एक भक्त है रसिक मुरारीलाल। नाभा स्वामी जी ने इनके चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि एक नवाब ने जब शक्ति से सनातन धर्म को कुचलने का प्रयास किया और मतवाले हाथी को रसिक मुरारीलाल जी को कुचलने के लिए भेजा तब परम संत रसिक मुरारीलाल महाराज ने बड़ी विनम्रता से हाथ जोड़कर उस हाथी से मन ही मन संवाद करते हुए कहा कि जो आनंद ईश्वर की भक्ति में है वह इन व्यसनों में नहीं है। संत वाणी सुनकर मतवाला हाथी न केवल नतमस्तक हुआ बल्कि बिना एक पल गंवाए संत जी को प्रणाम कर वहां से निकल गया। महाराजश्री ने कहा कि मनुष्यों की अपेक्षा पशु को भक्ति का बोध कराना ही अति उदारता है। उन्होंने इसी क्रम में 12 दिवसीय दण्डोत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि संत श्यामानंद जी उन गलियों में झाड़ू लगाते थे जहां से श्री बिहारी जी व बिहारणी जी निकलते थे। झाड़ू लगाकर पूरा परिसर साफ-सुथरा रखने के कारण संत श्यामानंद जी को प्रियाजू की उदारता प्राप्त हुई और प्रियाजू ने उन्हें अपनी सहचरी बना लिया। भक्तमाल की कथा में न केवल शहर बल्कि आसपास से हजारों की तादाद में लोग कथा प्रांगण में उपस्थित हो रहे हैं।

## भर्ती घोटाले की जांच के के बाद रजिस्ट्रार ने की कार्रवाई




**छतरपुर।** केन्द्रीय सहकारी बैंक छतरपुर में सहायक समिति प्रबंधक से पदोन्नत किए गए 37 समिति प्रबंधकों की नियुक्त निरस्त होने के बाद उससे जुड़े लोगों पर रजिस्ट्रार द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई है। बताया गया है कि रजिस्ट्रार ने चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी, जिसमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक विदिशा के सीईओ विनय प्रताप सिंह, संयुक्त आयुक्त सहकारिता सागर शिवेन्द्र देव पाण्डेय, अंकेक्षण अधिकारी आरएस गुप्ता और वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक जेपी पिपरसानियां शामिल थे। उक्त कमेटी ने अपनी सौंपी रिपोर्ट में तत्कालीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक रामविशाल पटैरिया, शाखा प्रबंधक प्रभारी विपणन कक्ष चन्द्रशेखर अवस्थी एवं शाखा प्रबंधक प्रभारी फील्ड कक्ष संतोष पांडे को दोषी बताया था, जिन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में 37 अपात्र सहायक समिति प्रबंधकों को पदोन्नति की गई थी, जिसमें भारी भ्रष्टाचार की शिकायत सामने आई थी। इस मामले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष करुणेन्द्र प्रताप सिंह और उपाध्यक्ष जयकृष्ण चौबे को भी दोषी पाया गया है, लेकिन अभी इन दोनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मामले के तूल पकडऩे पर राज्य सरकार ने अभी तीन लोगों पर कार्रवाई की है, जिससे अन्य अधिकारियों में हडकंप मचा हुआ है।

### ईशानगर के कर्ज माफी घोटाले में शाखा प्रबंधक सहित दो निलंबित

वहीं दूसरी ओर सहकारी बैंक की ईशानगर शाखा में हुए कर्ज माफी घोटाले में शाखा प्रबंधक विवेक भारती सहित उनके अधीनस्थ बैंकिंग सहायक सुनील कुमार शुक्ला और कम्प्यूटर ऑपरेटर पारस जैन को निलंबित किया गया है। ईशानगर शाखा के सभी कर्मचारियों को हटाकर नए लोगों को नियुक्त की गई है। मामले की जांच अभी चल रही है और उक्त घोटाले में भी कई समिति प्रबंधक सलाखों के पीछे पहुंच सकते हैं।

## डीजीएमएस के तत्वावधान में वृहद् मशीनों के 'सुरक्षित परिचालन और रखरखाव' पर एनसीएल आज आयोजित कर रही राष्ट्रीय सेमिनार



**सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिरत्न कंपनी एनसीएल, डीजीएमएस' के तत्वावधान में वृहद् मशीनों के 'सुरक्षित परिचालन और रखरखाव' पर एक 'राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार ' का आयोजन कर रही है। इस कार्यशाला सह संगोष्ठी के आयोजन का उद्देश्य खुली कोयला खदानों में नियोजित भारी मशीनों के सुरक्षित संचालन और रखरखाव के संबंध में समेकित परिचर्चा और गहन मंथन कर नवाचारी समाधान प्रस्तुत करना है। इस सेमिनार में डीजीएमएस से श्री एस.डी. चिद्दरवार, उप. महानिदेशक (खान सुरक्षा), उत्तरी क्षेत्र, एनसीएल के सीएमडी श्री बी. साईराम, कार्यकारी निदेशकमंडल, सीवीओ, डीजीएमएस के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।साथ ही इस संगोष्ठी में डीजीएमएस और एनसीएल के अतरिक्त सासन पावर लिमिटेड, जेपी माइन, एपीएमडीसी जैसे सिंगरौली परिक्षेत्र के कंपनियों के अलावा संविदा कंपनियों, निर्माता और आपूर्तिक़र्ता से 180 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे।

## विद्युत विभाग की संपत्ति चुराने वाले दो गिरफ्तार

**छतरपुर।** पिपट थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में विद्युत विभाग की सम्पत्ति चोरी करने वाले दो चोरों को चोरी की सामग्री के साथ गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है। पिपट थाना प्रभारी उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 19 जून को विभाग के लाइनमैन हरिकेश यादव द्वारा ग्राम बम्होरी-तिहार के पास विद्युत सप्लाई हेतु ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जिसका तेल उसी दिन अज्ञात के द्वारा चोरी कर लिया गया था। हरिकेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने थाना में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु की। विवेचना के दौरान दो संदेही गोलू पिता परमानंद चौरसिया उम्र 19 साल निवासी



पनागर और पप्पू पिता मिजाजी राजपूत उम्र 27 साल निवासी हटवाह को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर तेल चोरी करना कबूल कर लिया। चोरों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के तेल को डीजल के रूप में बेच कर पैसे कमाने की नीयत से उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी गोलू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, रस्सी और 50 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल तथा दूसरे आरोपी पप्पू राजपूत के पास से 60 लीटर ट्रांसफार्मर तेल जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत करीब 40 हजार रुपए है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है, तीसरे आरोपी की तलाश अभी जारी है। कार्रवाई में एएसआई सीताराम घोष, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह, आरक्षक मयंक शुक्ला, उमाशंकर, राजेश मिश्रा, हरिओम की मुख्य भूमिका रही।

### पूर्व एसपी की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर मांगे जा रहे पैसे

**छतरपुर।** साइबर ठगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस अधिकारियों के नाम से ठगी करने में भी डर नहीं लग रहा। ताजा मामला छतरपुर शहर से सामने आया है, जहां के एक युवक से साइबर ठगों ने छतरपुर के पूर्व पुलिस अधीक्षक के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पैसे मांगे हैं। हालांकि युवक की जागरूकता के चलते वह ठगी का शिकार नहीं हुआ है। बाद में उक्त युवक ने साइबर ठगों से हुई बातचीत के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर डालकर साइबर ठगों के इस कारनामे को उजागर किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक साइबर ठगों ने छतरपुर के पूर्व पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है और इसी आईडी से मैसेज डालकर पैसे मांगे जा रहे हैं। इसी क्रम में छतरपुर शहर के रहने वाले एक युवक के पास भी गुरुवार को मैसेज आया, जिसमें कुछ आवश्यक कार्य होने का हवाला देकर 27 हजार रुपए की मांग की गई। इतना ही नहीं ठग ने तुरंत ही अपनी बैंक डिटेल भेजकर जल्द से जल्द पैसे भेजने की बात कही थी, लेकिन संबंधित युवक जागरूक था और उसे पता चल गया था कि यह काम किसी साइबर ठग का है इसलिए वह ठगी का शिकार नहीं हुआ। बाद में उसने साइबर ठगों से हुई अपनी बातचीत के स्क्रीनशॉट वायरल करते हुए लोगों से जागरूक रहने की अपील की।

## एनसीएल ने मैराथन ट्रेनिंग एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत सिविल इंजीनियर्स को दिया प्रशिक्षण

कोल इंडिया लिमिटेड की एक प्रमुख अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने गुरुवार को अपने सीईटीआई परिसर स्थित एमडीआई भवन में सिविल इंजीनियर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन एनसीएल के सीएमडी श्री बी. साईराम ने किया। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री एस.पी. सिंह, सीवीओ एनसीएल श्री रविंद्र प्रसाद, वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे। प्रशिक्षण में एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं से सिविल विभाग के कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम ई-एमबी व ई-बिलिंग पोर्टल के उपयोग पर केंद्रित था। ई-एमबी का उपयोग डिजिटलीकरण एवं पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है । गौरतलब है कि एनसीएल सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में निवारक सतर्कता एवं जागरूकता हेतु विभिन्न विषयों पर ₹मैराथन ट्रेनिंग एवं क्षमता निर्माण” प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की रामपथ गमन के कार्यों की समीक्षा



**रीवा।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से चित्रकूट में चल रहे विकास कार्यों तथा श्रीराम वन पथ गमन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि चित्रकूट को अयोध्या और उज्जैन की तरह विश्व स्तरीय धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके विकास की पूरी कार्ययोजना संस्कृति विभाग तैयार करे। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। चित्रकूट को बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ने तथा रीवा-जबलपुर फोरलेन सड़क से जुड़ने के लिए फोरलेन सड़कों का निर्माण तत्काल शुरू कराएं। चित्रकूट के मंदिर परिसरों, कामदगिरि परिक्रमा पथ, मंदाकिनी नदी के विभिन्न घाटों के विकास के कार्य डीपीआर में शामिल कराएं। पर्यटन के विकास के लिए पीपीपी मोड पर होटल तथा अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि कलेक्टर सतना चिन्हांकित करें। आवश्यक होने पर वन भूमि के बदले राजस्व भूमि प्राप्त करने तथा निजी जमीनों के अधिग्रहण के प्रस्ताव तैयार करें।

### उप मुख्यमंत्री आज विश्व योग दिवस कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ

**रीवा।** जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक के परिसर में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 6 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि प्रातः 6 बजे मुख्य अतिथि समारोह का शुभारंभ करके उपस्थितजनों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रातः 6.10 बजे से भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन तथा अन्य कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रातः 7 बजे से प्रातः 7.45 बजे तक विभिन्न योगाभ्यास कराए जाएंगे। समारोह का समापन प्रातः 7.50 बजे होगा। कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की बैठक संपन्न

**रीवा।** कलेक्टर सभागार मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता की उपस्थिति में विद्युत अपूर्ति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के 133 के.वी. सप्लाई एवं 33 के.वी. सप्लाई लाईन अतिरिक्त डाले जाने का निर्देश दिया गया है जो शीघ्र ही पूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है जिस कारण विद्युत की आवश्यकता अधिक पडेगी। विद्युत की मांग को देखते हुए जिले में 33 के.वी. फिटर अतिरिक्त रूप से स्थापित किये जाने के निर्देश विभाग को दिये गये है। अतिरिक्त 133 के. वी. एवं 33 के.वी. लाइन का कार्य एवं अतिरिक्त 33 के.वी. फिटर का कार्य माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिये।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग शिविर का आयोजन 25 जून को

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 जून को सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से सिरमौर तथा जवा विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे।

# उप मुख्यमंत्री ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की



## सिविल लाइन पार्क, फ्लाई ओवर, सर्किट हाउस एवं रिवर फ्रंट का कार्य अगस्त माह के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करें - उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

रीवा !

सिविल लाइन पार्क, सिरमौर चौराहे में बन रहे फ्लाई ओवर, सर्किट हाउस तथा बाबा घाट से राजघाट तक के रिवर फ्रंट कार्य को आगामी अगस्त माह के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्यतः पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को सभी कार्यों का लोकार्पण हो सके।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में उप मुख्यमंत्री ने सिविल लाइन पार्क के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान पेवर ब्लाक लगाने, पार्क में कुर्सियाँ लगाने तथा निर्माणाधीन शौचालय का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के बाहर 56 मार्केट के तर्ज पर बनाए जा रहे दुकानों का निर्माण कार्य भी नियत समय सीमा में पूरा किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पूरे सिविल लाइन एरिया में सड़क के किनारे पेवर ब्लाक सहित पार्क के पार्किंग एरिया में भी अधूरे सभी निर्माण कार्य त्वरित गति से पूरे कराएं। उन्होंने पार्क में पौधों की देखभाल के लिये माली रखने तथा सुरक्षा के लिए पर्याप्त चौकीदार की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उप मुख्यमंत्री ने सिरमौर चौराहा में बनाए जा रहे फ्लाई ओवर कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा उससे लगे भाग में निर्माणाधीन दुकानों का कार्य भी निश्चित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। राजेंद्र शुक्ल ने विक्रम पुल से पचमठा मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सड़क के किनारे बनाए जा रहे नाले में सफाई की व्यवस्था हेतु चेम्बर का निर्माण अवश्य करें तथा निश्चित चौड़ाई की सड़क का निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के भवनों को नगर निगम द्वारा अच्छे पेंट से एक समान कलर करवाएं ताकि इसकी भव्यता उभर कर आए। उन्होंने पचमठा में सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश आयुक्त नगर निगम को दिए तथा शौचालय व अन्य अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पचमठा की बीहर आरती को अत्यधिक लोकप्रियता मिल रही है। आरती के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं। इसलिए वर्षाकाल में यह परंपरा न टूटे अतः आवश्यकतानुसार शेड लगाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी भवन का निर्माण कार्य 30 अगस्त तक पूर्ण किए जाने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में ओपीडी, बाणसागर कालोनी में सी एवं ई टाइप भवन निर्माण तथा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डाक्टर्स क्वाटर्स के निर्माण की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि वर्षाकाल में शहर में 12 से 15 हजार पौधे लगाए जाएंगे। शहर के मुख्य मार्ग के किनारे, खाली स्थानों तथा अन्य आवश्यक जगहों पर सघन वृक्षारोपण कर रीवा को हरा-भरा बनाया जाएगा। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पहड़िया प्लांट में सघन वृक्षारोपण का कार्य वर्षाकाल में कराया जाए। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन सहित निर्माण विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने विक्रम पुल से निपनिया मार्ग तथा रिवर फ्रंट निर्माण कार्य का किया अवलोकन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा प्रवास के दौरान प्रातः काल विक्रम पुल से निपनिया वाया घोघर पहुंच मार्ग तथा रिवर फ्रंट निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि निश्चित चौड़ाई की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करें तथा सड़क के किनारे बनाए जा रहे नाले में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्मित सड़क की साफ-सफाई रखने तथा बिजली के शेष खंभों को आगामी दो दिन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए ताकि सड़क निर्माण कार्य में बाधा न हो। उन्होंने रिवर फ्रंट निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान पेवर ब्लाक ठीक ढंग से लगाने तथा पानी की उचित निकासी की व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर बताया गया कि विक्रम पुल से निपनिया पुल वाया घोघर के 960 मीटर लम्बाई के कार्य को 15 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री ईएण्डएम विनय श्रीवास्तव तथा कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# कुलगुरू ने किया योग प्रदर्शनी का शुभारंभ



रीवा

केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा योग चेतना केंद्र अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में दो दिवसीय योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.राजकुमार आचार्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अतुल पांडे तथा प्रो. श्रीकांत मिश्रा उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजकुमार आचार्य ने योग की महत्व के बारे में बताते हुए कहा की भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। आज के परिवेश में स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। आने वाले समय में योग स्वस्थ रहने के लिए अनिवार्य है योग को जीवन में अपनाये तथा स्वस्थ रहें। प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार ने कहा की भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा चित्र प्रदर्शनी लोगों को यह संदेश देती है कि स्वस्थ जीवन के लिए योग कितना जरूरी है। योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और स्वस्थ रहने के लिए इसको अपना ही पड़ेगा। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश कुमार मंडल एवं केंद्र के जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह ने किया। क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश कुमार मंडल ने योग पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो.आर्यन पटेल, प्रो. आरके कटारे, प्रो.दिनेश कुशवाहा, प्रो.सक्सेना, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. लक्ष्मीकांत चंदेल, डॉ अनुराग मिश्रा, डॉ. कमलेश गौतम डॉ.अर्पणा सिंह, डॉ. अंशु रानी, डॉ.सुभाष चंद्र ,डॉ निर्भय तथा सभी विभागों पर अध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे। दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के अवसर पर योग चेतना केंद्र में योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का प्रतीक है योग

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने महर्षि पतंजलि के योगसूत्र का उद्धरण देते हुए कहा है कि "योगः चित्तवृत्ति निरोधः।" अर्थात, योग चित्त की वृत्तियों का निरोध है। मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त करने में सहायक है। यह अत्यंत गर्व का विषय है कि योग, जो हमारे ऋषियों की अनमोल देन है, आज पूरे विश्व में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का प्रतीक बन चुका है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि हमारे मन और आत्मा को भी शांति और संतुलन प्रदान करता है। इसे आप अकेले या अपने परिवार के साथ मिलकर कर सकते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने माता-पिता, अभिभावकों और युवाओं से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों छोटे भाई बहनों को प्रारंभिक आयु से ही योग का महत्व सिखाएं और उन्हें इसे अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करें। इससे न केवल उनका शारीरिक विकास होगा, बल्कि मानसिक विकास भी सुचारू रूप से होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम "स्वयं और समाज के लिए योग" यह संदेश देती है ।

## बलात्कार, हत्या का प्रयास व आत्महत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय ने दोष मुक्त घोषित किया

**रीवा ।** न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश महोदय रीवा (श्रीमती पद्मा जाटव जी) ने बलात्कार, हत्या का प्रयास व आत्महत्या के सत्र प्रकरण क्रमांक 161/2022 शासन बनाम् अंकुर दुबे में आज दिनांक 20 जून 24 को निर्णय पारित कर आरोपी विनय उर्फ अंकुर दुबे को दोषमुक्त घोषित किया। फरियादी ने 10 जून 2022 शाम 7 बजे के करीब थाना समान में रिर्पोट लेख कराई थी कि वह दोपहर 3.30 बजे के करीब अपने किराये के मकान स्थित छत्रपति नगर पहुंचा तो उसकी वृद्ध मां व एकलौता पुत्र घर के बाहर खड़े होकर रो रहे थे और उन्होने बताया कि आरोपी घर के अन्दर घुसा हुआ है तथा अन्दर से ताला वंद कर लिया है व पीड़िता के साथ मारपीट कर रहा है। फरियादी 100 डायल को काल कर थाना समान पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ताला तुड़वाया तो पाया कि आरोपी व पीड़िता के गले व दोनो हाथ की कलाईयों में घातक चोटे लगी हुई है तथा दोनो बेहोशी अवस्था में है एवं मौके पर ब्लेड पड़ी हुई है। पुलिस आरोपी व पीड़िता को उपचार हेतु संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया एवं आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र 220/2022 अन्तर्गत धारा 307,454,342,309,506वी भादवि पंजीबद्धकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। अस्पताल में कई दिन बाद होश आने पर पीड़िता ने पुलिस को बयान दिया कि आरोपी ने बलात्कार करने की नियत से मुझ पर हमला किया था एवं विरोध करने पर हत्या की नियत से मेरा गला व दोनो हांथ की कलाई काट दी थी एवं बलात्कार किया था तथा शोरगुल सुनकर एवं बाहर जमा भीड़ को देखकर आत्महत्या करने की नियत से आरोपी ने स्वयं का गला व दोनो हांथ की कलाई काट ली थी पीड़िता के बयान के आधार पर थाना पुलिस ने धारा 376 भादवि बढ़ाकर माननीय न्यायालय में चलान प्रस्तुत किया था न्यायालय ने साक्षियों के साक्ष्य आहुत करने के उपरांत पाया कि अभियोजन मामले को संदेह से परे प्रमाणित करने में असफल रहा है क्योकि फरियादी व उसके परिवार के सदस्य दरबाजे को अन्दर से बंद होना बता रहे थे जबकि विवेचक द्वारा दरबाजे में बाहर से ताला बंद होना बताया गया था। आज दिनांक 20 जून 24 को निर्णय पारित कर आरोपी विनय उर्फ अंकुर दुबे तनय श्रीकांत दुबे उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिगटी थाना गढ़ जिला रीवा (म.प्र.) को दोषमुक्त घोषित किया साथ ही तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक अभिषेक पटेल एवं फरियादी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही किये जाने के निर्देश भी दिये। आरोपी की ओर से प्रकरण की पैरवी अधि.कुलदीप सिंह सोमवंशी ने की।

### विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन

**रीवा।** शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चलें अभियान के तहत विद्यालयों में तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव के अंतिम दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के जनप्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी व्यक्ति, अधिकारी, समाजसेवी, खिलाड़ी, पत्रकार तथा गणमान्य नागरिकों ने स्वयं द्वारा चुनी गई शाला में जाकर विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिए तथा विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित उपयोगी सामग्री भेंट की। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिले के प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की एक शाला में ड्यूटी लगाई गई। अधिकारियों ने संबंधित विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों को अपने अनुभव बताते हुए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया तथा उन्हें पाठ्य पुस्तक भेंट की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने मार्तण्ड क्रमांक तीन में बच्चों को प्रेरक जानकारी दी। उप संचालक पशुपालन राजेश मिश्रा तथा तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने भी शालेय छात्रों को प्रेरक बाते बतायी। स्कूल चलें अभियान में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत गुढ़ तहसील के ढुआरी, रायपुर सोनौरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या मनगवां, सीएम राइज मनगवां तथा सीएम राइज सेमरिया में अधिकारियों ने बच्चों से संवाद किया तथा मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



# उप मुख्यमंत्री ने गो ग्राम जन जागृति यात्रा का किया समापन

## जिले में शीघ्र ही बनेंगे कई नए गौ अभ्यारण्य - उप मुख्यमंत्री

## किसी भी गौवंश को बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा - उप मुख्यमंत्री





**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने त्योंथर तहसील के चन्द्रपुर स्थित झोटिया ग्राम में प्रताप गौशाला प्रांगण में आयोजित 41 दिवसीय गो ग्राम जन जागृति यात्रा का समापन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी गौवंश को बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा। जिले में बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य में हजारों गायों को आश्रय दिया जा रहा है। जिसमें गौवंश की सेवा होने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। जिले में चार-पाँच स्थानों पर गौ वन्य विहार शुरू करने के प्रस्ताव भेजे गए हैं। इन्हें शीघ्र मंजूरी दिलाकर गौ अभ्यारण्यों का निर्माण कराया जाएगा। इनका संचालन आमजनता के सहयोग से करेंगे। इनमें गौवंश की सेवा करने के लिए गौसेवकों की तैनाती की जाएगी जिन्हें हर माह राशि देने की व्यवस्था की जाएगी। गौमाता में सभी देवताओं का वास होता है। गौ सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उप मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास तथा गौशालाओं के संबंध में दिए गए मांग पत्र के संबंध में कहा कि इन्हें पूरा कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करूंगा। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने गोपालकृष्ण महाराज तथा बालकृष्ण महाराज एवं अन्य गौसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने श्री प्रताप गौशाला में गौपूजन कर गौमाता का आशीर्वाद लिया। समारोह में पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता मांझी, श्री सुशीलचन्द्र शुक्ला, श्री कौशलेश तिवारी, श्री राजेन्द्र शुक्ला, श्री राजेश पाण्डेय सहित संतजन व गौ भक्त तथा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का मऊगंज कलेक्टर ने रोली चंदन लगाकर किया स्वागत

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाली शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भीर में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का रोली चंदन लगाकर प्रवेश दिलाया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का भी विद्यालय में स्वागत किया गया।प्रवेशोत्सव के तीसरे दिन जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भीर पहुंचे कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहां की सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल आए और पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा ही ऐसी अमूल संपत्ति है जिसे कोई भी छुड़ा नहीं सकता। इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें। पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी आनंद ले। इस दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा बच्चों से कई सवाल भी किए गए। तो वहीं जिले के मुखिया को अपने बीच पाकर बच्चे भी काफी प्रफुल्लित नजर आए। उपस्थित बच्चों ने जिलाधीश से वायदा किया कि प्रतिदिन स्कूल आएंगे और अच्छी पढ़ाई करेंगे। इस बीच कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक भी विद्यालय में ऐसा वातावरण निर्मित करें





कि कोई भी छात्र विद्यालय आने से कतराए नहीं बल्कि दौड़ा चला आए। यह सब शिक्षक की पढ़ाई एवं व्यवहार पर लागू होता है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सभी बच्चों के मन में प्रश्न उठना चाहिए और मन में आए प्रश्न को शिक्षक से करना चाहिए तो वहीं बच्चों के प्रश्नों का उत्तर शिक्षक जरुर देवें। उन्होंने कहा कि छात्र द्वारा किए गए प्रश्न का शिक्षक द्वारा उत्तर देने से छात्र का मन कभी भी नहीं टूटेगा। यह सब शिक्षक पर लागू होता है कि वह बच्चों को कैसी शिक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करें। ध्यान रहे प्रतिदिन बच्चों से कम से कम 10 से 15 मिनट क्षेत्र प्रांत एवं देश विदेश के साथ-साथ खेल भौगोलिक राजनीतिक स्थिति पर चर्चा जरूर करें जिससे बच्चों का ज्ञान बढ़ेगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि यदि हम अपने कार्यशैली में थोड़ा सा परिवर्तन करें तो बच्चो को विशेष शैक्षणिक स्थान प्रदान करने में कामयाब हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों से परंपरागत व्यवहारिक प्रश्न करें। सभी बच्चों को उनकी इच्छा अनुकूल खेल विद्या से जोड़ें। जिससे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के साथ-साथ पढ़ाई में भी मन लगेगा। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा पढ़ाई गई विषय वस्तु का आकलन संस्था के प्रमुख अनिवार्य रूप से करें। संस्था प्रमुख को निर्देश दिए की खेल सामग्री बच्चों को उपलब्ध कराए।

## मऊगंज जिले में रेत का अवैध भंडारण करने वालों पर नहीं हो रही कार्यवाही

### बिना रॉयल्टी पर्ची के ही खुले में चल रहा रेत का कारोबार, जगह-जगह मिल रहे रेत के अवैध भंडारण

**मऊगंज।** प्रदेश के कई जिलों के अफसर एक्शन मोड में आ गए। प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन सरकार की सख्ती के बाद भी मऊगंज जिले में बैठे रेत कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। खनिज विभाग के उदासीन रवैया के चलते सरकार की किरकिरी हो रही है। मामला रेत की कालाबाजारी का है। जिला मुख्यालय मऊगंज में कालाबाजारी करने वाले रेत कारोबारी कई स्थानों पर रेत का अवैध भंडारण करने में लगे हुए हैं। नगर की कुछ कॉलोनियों में रेत के ढेर लगे हुए हैं। कई जगहों पर रेत का अवैध भंडारण हुआ है। इसका खनिज विभाग की अनुमति के बिना क्रय-विक्रय किया जा रहा है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सीएम के निर्देश के बाद भी सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का के तर्ज पर अवैध रेत का कारोबार बदस्तूर



जारी है। जिले के खनिज अमले को भंडारण वाली जगहों पर झांकने तक की फूर्सत नहीं है। बताया जा रहा है कि रेत डंप करने वाले बड़े व्यापारी है और इन लोगों पर कार्रवाई करने के लिए खनिज विभाग हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। बड़े व्यापारी डंप के रेत से लाखों की अवैध कमाई कर रहे हैं।*कारोबारी काट रहे चांदी, लुटे जा रहे जरूरतमंद गरीब*आशियाना बनाने और अन्य निर्माण कार्य करा रहे लोगों को रेत कारोबारियों द्वारा खुलेआम लूटा जा रहा है। बिना अनुमति के कई जगहों पर रेत डंप कर निर्धारित दर से तीन से चार गुना अधिक कीमत पर रेत बेची जा रही है।